भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1743 #
गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

त्रिपुरा में पर्यटन को बढ़ावा देना

1743 # श्री भट्टाचार्जी राजीब:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या त्रिपुरा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय, संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों एवं महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से त्रिपुरा सहित भारत को एक समग्र पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देता है। मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से भी विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

मंत्रालय विभिन्न पर्यटन अवसंरचना विकास योजनाओं के तहत पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पिछले पांच वर्षों में त्रिपुरा राज्य में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना, पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री भट्टाचार्जी राजीब द्वारा त्रिपुरा में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1743 # के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

त्रिपुरा राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजना:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
2024-25	गोमती में बंदुआर में शक्ति पीठ पार्क	97.70	64.48

त्रिपुरा राज्य में प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
2020-21	गोमती जिले में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास	34.43	25.62

त्रिपुरा राज्य में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत स्वीकृत मेलों एवं महोत्सवों की सूची:

(लाख रु. में)

वर्ष	**मेलों एवं महोत्सवों का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
2020-21	भारत बांग्ला महोत्सव	25.00	25.00
2022-23	नीरमहल महोत्सव	10.00	10.00
	दिवाली महोत्सव	5.00	5.00
	चबीमुरा महोत्सव	5.00	5.00
2023-24	नीरमहल महोत्सव	9.80	9.80
	दिवाली महोत्सव	9.55	9.55
	चबीमुरा महोत्सव	3.00	3.00

*****